# जनसुनवाई में 116 प्रकरण सुन कलेक्टर ने दिए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश



**बीकानेर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने आमजन की समस्याएं सुनी।**

- **जनसुनवाई से मुख्य सचिव सुधांश पंत तथा जिला प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल भी वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े**

**बीकानेर,**(कासं)। जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जनसुनवाई से मुख्य सचिव सुधांश पंत तथा जिला प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल भी वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने चार घंटे तक चली जनसुनवाई में 116 प्रकरणों पर सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को समुचित और समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त कई प्रकरणों में समयबद्ध जवाब प्रस्तुत नहीं होने की शिकायत मिली है। यह स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्धता और संवेदनशीलता के साथ परिवाद सुनने और इन पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में सरकारी भूमि व सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाने, सीमा ज्ञान करवाने, पेंशन जारी करने, सीवरेज और क्षतिग्रस्त सड़क निर्माण करवाने, यूआईटी द्वारा आवंटित पट्टे जारी करने, करणी इंडस्ट्री एरिया क्षेत्र में सड़क निर्माण सहित विभिन्न प्रकरण प्रस्तुत किए गए। राजनगर में मोहल्ले वासियों ने अमृत योजना के तहत बनी सीवरेज लाइन धंसने से गलियों में गड्ढे होने और बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को दुरुस्त करवाने की मांग की। इस पर जिला कलेक्टर ने संबंधित विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिए। गांव टेउ स्थित हनुमान मंदिर से अतिक्रमण हटाने, 650 आरडी पर आईजीएनपी के किनारे अतिक्रमण हटाने, यूआईटी द्वारा विक्रय एनओसी जारी करने , रासीसर में अतिक्रमण हटाने, जिला मुख्यालय पर अवैध निर्माण रूकवाने, फसल बीमा क्लेम जारी करने, शहर के विभिन्न पार्कों से अतिक्रमण हटाने सहित विभिन्न प्रकरण प्रस्तुत किए गए। इस पर जिला कलेक्टर ने संबंधित विभाग को नियम सम्मत कार्यवाही करने को कहा।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) डॉ दुलीचंद मीना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव, सीईओ जिला परिषद सोहनलाल, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, नगर विकास न्यास सचिव अपर्णा गुप्ता सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव सुधांश पंत वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े। उन्होंने कहा कि अधिकारी उपलब्ध संसाधनों का कुशलतम उपयोग कर आमजन को राहत प्रदान करें। राहत श्रेणी में निस्तारित प्रकरणों में परिवादियों की संतुष्टि बढ़ाने के साथ औसत निस्तारण समय प्रदेश के औसत समय से अधिक नहीं हों इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।

जनसुनवाई में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करें। प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने कहा कि परिवाद दायर होने के तुरंत बाद फील्ड अधिकारी तत्परता से मौका रिपोर्ट कर वस्तुस्थिति से अवगत करवाएं और परिवादी को दूरभाष के माध्यम से कार्यवाही की जानकारी दें।

**राजस्थान समिट 13 नवम्बर को :** जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट 13 नवम्बर को आयोजित की जायेगी। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने इस संबंध में गुरूवार को संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक ली। उन्होंने कहा कि बीकानेर में निवेश को बढ़ावा देने के लिए निवेशकों की समस्याएं प्राथमिकता से सुलझाई जाए। जिले में निवेश के लिए सकारात्मक वातावरण बनने से यहां के औद्योगिक विकास में मदद मिलेगी।

उन्होंने राइजिंग राजस्थान समिट के जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी लेते हुए कहा कि बीकानेर मूल के प्रवासियों को इस समिट की जानकारी पहुंचाएं और यहां की निवेश संभावनाओं के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए।

## बीकानेर शहर-देहात कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**बीकानेर,**(कासं)। भाजपा सरकार के मंत्री और सांसद लगातार विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे है। इसको लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी जिला मुख्यालयों पर 20 सितम्बर को विरोध प्रदर्शन के निर्देश दिए है।

संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि इसी कड़ी में बीकानेर शहर देहात जिला कांग्रेस पार्टी का संयुक्त विरोध प्रदर्शन जिला कलेक्टर कार्यालय के आगे 20 सितम्बर को सुबह 11 बजे रखा गया है। सभी कांग्रेसजन गंगा थियेटर के आगे एकत्रित होंगे फिर वहां से जिला कलेक्टर कार्यालय जायेंगे। संगठन महासचिव प्रहलाद सिंह मार्शल ने बताया कि बीकानेर शहर और देहात कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यशपाल गहलोत, बिसनाराम सियाग के नेतृत्व में प्रदर्शन किया जायेगा।

जिले से प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी, पीसीसी सदस्य, लोकसभा 2024 के प्रत्याशी, विधानसभा 2023 के विधायक विधायक प्रत्याशी, जिला प्रमुख, नगर निगम एवम निकाय के अध्यक्ष या नेता प्रतिपक्ष, जिले के ब्लॉक अध्यक्ष, जिले में रहने वाले प्रदेश के अग्रिम संगठनों, विभागों, प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जिले में अग्रिम संगठनों, विभागों, प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जिला कांग्रेस पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला परिषद सदस्य, पार्षद और कांग्रेस विचारधारा से जुड़े सदस्य सादर आमंत्रित है।

## सार-समाचार

### रक्तदान शिविर 29 को



**विधायक जेठानंद व्यास ने रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया।**

**बीकानेर,**(कासं)। मारवाड़ जन सेवा समिति तथा सुमन कंवर चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 29 सितम्बर को प्रात: 8 से 4 बजे तक पूगल रोड स्थित माखन भोग में रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने इसके पोस्टर का विमोचन गुरूवार को किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा स्व. सुमन कंवर राजपुरोहित की स्मृति में रक्तदान शिविर जैसा पुनीत आयोजन करना, उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। शिविर के दौरान दान किया जाने वाला रक्त, जरूरतमंद लोगों का जीवन बचायेगा। उन्होंने कहा कि यह अनुकरणीय कार्य है, जिसे सदैव याद किया जायेगा। मारवाड़ जन सेवा समिति के रमेश व्यास ने बताया कि शिविर से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए शिविर का सफल आयोजन किया जायेगा। इस दौरान डॉ. एल. के. कपिल, चंदन ठाकुर, महेन्द्र चावरिया, मुनीराम गहलोत, भवानी टाक तथा सुरेन्द्र व्यास आदि मौजूद थे।

### 'एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण किया


**गंगानगर में स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता की थीम पर गर्ल्स कॉलेज में पौधारोपण किया।**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता की थीम पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बुधवार को परिषद द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में नगर परिषद आयुक्त रीना द्वारा शपथ दिलाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाकर कार्यक्रम का आगाज किया गया। इस अवसर पर आयुक्त रीना ने कहा कि साक्षरता अभियान की वजह से बुजुर्ग अपने हस्ताक्षर करना सीख गये और निरक्षर होने के बावजूद खुद मोबाइल चला रहे हैं। इसी तरीके से अगर हम अपने घर से सफाई करना सुनिश्चित करेंगे तो घर साफ, शहर साफ और देश साफ सुथरा रहेगा। घर दुकान में प्लास्टिक और पॉलिथीन का उपयोग व विक्रय ना करें। कूड़ा कचरा सड़क पर ना डाले। कचरा हमेशा कचरा संग्रहण वाहन में अथवा डस्टबिन में डाले। कार्यक्रम में कॉलेज प्रिंसीपल प्रो. पूनम सेतिया, महावीर गोदारा, एसबीएम प्रभारी अमनदीप कौर, सहायक अभियंता नेहा गर्ग, शिवांगी, सिद्धार्थ जांदू जेईएन, नरेगा टीम, कॉलेज स्टूडेंट, एनसीसी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# वित्त कमेटी की बजाय ए.सी.ई. ने बढ़ा दी जे.जे.एम. की डेडलाइन

- **इससे फर्मों को 24.35 करोड़ रूपए कम जुर्माना देना होगा**

**बीकानेर,** (कासं)। जल जीवन मिशन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी चल रही है। जिले के नोखा और खाजूवाला क्षेत्र में मार्च 2024 में ही काम पूरा होना था, लेकिन दोनों ही जगह टेंडर का एक्सटेंशन कर दिया।

हैरानी की बात है कि टेंडर वित्त कमेटी ने मंजूर किया था तो उसका एक्सटेंशन भी उसी कमेटी को करना था। मगर एक्सईएन के प्रस्ताव पर एडिशनल चीफ इंजीनियर ने ही एक्सटेंशन कर दिया। इसका नतीजा ये हुआ कि फर्मों पर लगने वाली एलडी (लिक्विडिटी डैमेज) कम हो गई। इससे फर्म को सीधे तौर पर 24.35 करोड़ का फायदा हो रहा है।

दरअसल जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2021-22 में खाजूवाला में 370 करोड़ तथा नोखा में 609 करोड़ का काम मार्च 2024 तक पूरा किया जाना था। दोनों तहसीलों में पेयजल वितरण प्रोजेक्ट के तहत घर-घर पेयजल कनेक्शन दिए जाने थे। लेकिन दो साल की समयसीमा में काम पूरा नहीं हो पाया है। काम अधूरा होने के कारण तत्कालीन एक्सईएन ने दोनों ही फर्मों को एक्सटेंशन देने का प्रस्ताव बनाकर एडिशनल चीफ इंजीनियर चूरू को भेजा।

इस प्रस्ताव पर निर्णय लेने का अधिकार वित्त समिति को था। लेकिन तत्कालीन एडिशनल चीफ इंजीनियर ने टेंडर को अक्टूबर 2024 तक एक्सटेंशन दे दिया। हालांकि इस समय तक भी प्रोजेक्ट पूरा होना मुश्किल लग रहा है। जेजेएम के अतिरिक्त मुख्य अभियंता का मुख्यालय चूरू है। जोन में बीकानेर में नोखा, खाजूवाला के अलावा कोलायत, श्रीडूंगरगढ़ आदि तहसीलों के बड़े प्रोजेक्ट हैं। खाजूवाला में 139 गांव और ढाणियों को पेयजल से जोड़ना है। मार्च 2024 में काम पूरा होना था पर अक्टूबर तक एक्सटेंशन देने के बाद भी अब तक 53 प्रतिशत ही काम हुआ।

खाजूवाला में मैसर्स बीआरसीसीपीएल- मैसर्स ओम इंफ्रा-मैसर्स डारा कंपनी को जॉइंट वेंचर में 370.23 करोड़ का वर्क ऑर्डर जारी हुआ था। अब तक करीब 190 करोड़ का ही काम हो पाया है।

नोखा में भी वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट का काम धीमी गति से चल रहा है। यहां मैसर्स एचसीसीएल-मैसर्स ओम इंफ्रा लि.(जेवी) कंपनी को 609 करोड़ का काम सौंपा गया था। दो साल में 300 करोड़ से कुछ अधिक का ही काम हो पाया है। दोनों जगह कुल 21.83 करोड़ की एलडी बन रही है। प्रोजेक्ट को एक्सटेंशन देने से दोनों फर्मों को अब 24.35 करोड़ की एलडी नहीं चुकानी होगी। टेंडर के नियम विरुद्ध एक्सटेंशन पर राज्य के अधिकारी भी आंख मूंदे बैठे हैं। इसकी शिकायत पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी तक पहुंची तो जांच के आदेश दिए गए। अतिरिक्त मुख्य अभियंता राममूर्ति ने इस संबंध में अनभिज्ञता जताई है।

## हेरोइन सहित युवक को दबोचा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। एक युवक को 5 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

यह युवक हेरोइन लेकर श्रीकरणपुर रोड पर पैदल जा रहा था। इसी दौरान कोतवाली थाने की एसआई ज्योति नायक को इसकी सूचना मिली। इस पर टीम के साथ दबिश दी तो श्रीकरणपुर रोड पर युवक पैदल आता नजर आया। उसकी तलाशी ली तो उसके पास से हेरोइन बरामद हुई।

पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। उसके पंजाब के किसी तस्कर से हेरोइन लेकर आने के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। उसके आपराधिक रिकॉर्ड को भी खंगाला जा रहा है। आरोपी टीटूसिंह (40) पुत्र बलदेवसिंह पुरानी आबादी के ईदगाह चौक पर रहता है।

उससे हेरोइन की सप्लाई देने वाले के बारे में पता किया जा रहा है। जिले में नशे का कारोबार काफी ज्यादा है। यहां नशे के बड़े तस्कर शहर के युवाओं को थोड़ी-थोड़ी मात्रा में हेरोइन उपलब्ध करवाकर इन्हें शहरी और ग्रामीण इलाकों तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं।

# नकबजनी की वारदात का 12 घंटे में खुलासा

- **2.30 लाख के जेवर व नगदी चोरी मामले में दो गिरफ्तार, एक नाबालिग निरूद्ध**
- **सोने-चांदी के जेवर के साथ नगदी भी बरामद**

**बीकानेर,** (कासं)। शहर के बांदरा बास क्षेत्र में 2 लाख 30 हजार रूपए की चोरी का खुलासा हो गया है। पुलिस ने महज बारह घंटे में इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए गिरफ्तारी की है। साथ चोरी का सामान भी बरामद कर लिया।

हरिजन बस्ती बांदरा बास में रहने वाले विनोद चांगरा ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि उसके घर में अज्ञात युवकों ने चोरी की है। पंद्रह सितम्बर को चांगरा के घर से करीब 2 लाख 30 हजार रूपये के सोने-चांदी के आभूषण व नगदी कोई चोरी कर ले गए था। रिपोर्ट प्राप्त होने पर मामला दर्ज कर किया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने इस मामले में एक टीम का गठन किया। वांछित टॉप 10 व इनामी अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बान्दरा बास स्थित मकान में नकबजनी करने वाले चार संदिग्ध को चिन्हित किया गया। तीन शातिर नकबजन को गिरफ्तार किया गया। एक नाबालिग को निरूद्ध कर उपरोक्त प्रकरण में चुराई गई सम्पत्ति करीब 2 लाख 30 हजार रूपये के सोने- चांदी के आभूषण व नगदी बरामद किये गये।

पुलिस ने सोहेल पुत्र अख्तर उम्र 22 साल निवासी वार्ड नं 10 निवासी नायकों का मौहल्ला चौखुंटी, शोएब खान पुत्र ताहिर अली उम्र 19 साल निवासी गली नं 15 धोबी तलाई तथा शोफिन राजा पुत्र मुख्तयार उम्र 19 साल निवासी गली नं 1 भगवानपुरा बस्ती पुलिस थाना कोटगेट व एक नाबालिग किशोर को निरूद्ध किया गया है।

**आई. टी. आई. में प्रवेश :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान, श्रीगंगानगर, श्रीकरणपुर, सूरतगढ, में प्रवेश वर्ष 2024-25 में विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी 26 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।


### नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री दिपाली शर्मा के माता, पिता का नाम विद्यालय रिकार्ड में धनपत शर्मा व लक्ष्मी देवी शर्मा अंकित हो गये। दीपाली शर्मा के माता व पिता का सही नाम धनपत कुमार चौबे व लक्ष्मीदेवी चौबे है। भविष्य में दीपाली शर्मा के मातापिता को धनपत कुमार


# डॉक्टर और हॉस्पिटल स्टाफ के साथ मारपीट

**बीकानेर,**(कासं)। सरकारी हॉस्पिटल में मुफ्त दवा लेने पहुंचे युवकों ने जमकर उत्पात मचाया और डॉक्टर के साथ मारपीट की। हॉस्पिटल के अन्य स्टाफ के साथ भी झगड़ा किया। बीकानेर के कालू थाने में मामला दर्ज कराया गया है। हंगामा कालू गांव में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में हुआ।

नर्सिंग ऑफिसर राधा मोहन मीणा ने पुलिस को बताया कि गांव के ही लक्ष्मीनारायण और कुंदन नामक दो युवक हॉस्पिटल में आए। मुफ्त दवा के काउंटर पर दवा देने के लिए खिड़की बनी हुई है। इसके बाद भी दोनों दवा के लिए बने सरकारी रूम में घुस गए। बाहर निकलने के लिए कहा तो विवाद करने लगे। पहले नर्सिंग स्टाफ के साथ गाली-गलौच की गई। बीच-बचाव करने के लिए डॉ. शुभम सेंगर पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

बीच-बचाव करने आए हॉस्पिटल स्टाफ के साथ भी मारपीट की गई। इस दौरान स्टाफ सदस्य संतोष, मनीषा व कविता के साथ अभद्र व्यवहार किया गया और मारपीट की गई। स्टाफ प्रदीप, गोपाल, शाहरूख और प्रमोद के साथ भी मारपीट की गई। राधामोहन की रिपोर्ट पर पुलिस ने राजकार्य में बाधा डालने की धाराओं के साथ मामला दर्ज किया है। इसके अलावा राजस्थान चिकित्सा परिचर्या, सेवाकर्मी संस्था अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया है। उधर, चिकित्सक संगठनों ने घटना का विरोध करते हुए तुरंत पुलिस कार्रवाई की मांग की है।

## मूलभूत सुविधाओं की मांग

**बीकानेर,** (कासं)। वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय कपूर ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर यूआईटी द्वारा घोषित जोडबीड आवासीय योजना में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

डा.कपूर ने ज्ञापन में कहा है कि यूआईटी ने सन 2008 में कैमल फार्म के पास जोडबीड योजना के अन्तर्गत नागरिकों को बसाने के लिए आवासीय भूखण्ड आवंटित किये थे। योजना के तहत अनेक नागरिकों ने यूआईटी की शर्तों की पालना में नियत राशि जमा कराई लेकिन 16 साल बीत जाने के बावजूद यूआईटी ने वहां पर पानी, बिजली, सड़क, निकासी व स्वास्थ्य संबंधित कोई भी सुविधा की व्यवस्था नहीं की है। इससे नागरिकों को वहां बसने में भारी परेशानी व असुविधा होती है।

# श्रीगंगानगर में सात साल बाद होगा दशहरा उत्सव

- **इस बार नगर परिषद ने महावीर दल मंदिर समिति को आयोजन की अनुमति दे दी है**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। यहां 12 अक्टूबर को मनाये जाने वाले दशहरा उत्सव के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। शहर में इस बार 7 साल के अंतराल के बाद श्री सनातन धर्म महावीर दल मंदिर समिति रामलीला मैदान में आयोजन कर रही है।

वर्ष 2017 के बाद यहां नगर परिषद और कुछ अन्य संगठनों ने दशहरा उत्सव का आयोजन करवाया था। इस बार नगर परिषद ने महावीर दल मंदिर समिति को आयोजन की अनुमति दे दी है। ऐसे में इस बार सनातन धर्म महावीर दल मंदिर समिति ही रामलीला मैदान में आयोजन करवायेगी। वर्ष 2017 के बाद समिति ने आयोजन तो करवाए थे, लेकिन अनुमति नहीं मिलने से ये आयोजन शहर के सेक्टर 17 और कुछ अन्य इलाकों में करवाये गए थे।

आयोजन के लिए रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का निर्माण शुरू हो चुका है। शहर के हनुमानगढ़ रोड पर एक गोदाम में यह निर्माण चल रहा है। इन पुतलों पर करीब 4 लाख रूपए खर्च होंगे। इसे बनाने की लागत करीब 50 हजार रूपए रहेगी। जबकि आतिशबाजी और अन्य सामान का खर्च करीब साढ़े 3 लाख रूपए होगा।

पुतलों को बनाने के लिए कारीगर कुंदनलाल और उनके 2 बेटे जुटे हुए हैं। कुंदनलाल ने बताया कि पुतलों के लिए करीब 150 बांस, 100 सूती साड़ियां, 108 किलो रद्दी, 100 किलो रंगीन कागज और 45 किलो मैदे से बनी लेवी का उपयोग किया जायेगा। तीनों कारीगर करीब 10 से 12 घंटे तक लगातार काम कर रहे हैं। कारीगरों ने बताया कि पुतलों का निर्माण 26 अगस्त से शुरू हुआ था। पिछले करीब 22 दिन से काम चल रहा है। अभी 12 अक्टूबर तक पुतला निर्माण चलेगा।


### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2024-25/101137 — **लोक सूचना** — दिनांक : 19.09.2024

श्री सोहनलाल पुत्र श्री ढालाराम निवासी 104 जी ब्लॉक, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 4 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर | श्री सोहनलाल पुत्र श्री ढालाराम | चक 4 ई छोटी मुरब्बा नं. 03 के किला नं. 01 में 0.1010 है. किला नं. 02 में 0.1640 है. किला नं. 09 व 10 प्रत्येक में 0.253 है. यथाकुल 0.771 हैक्टेयर | कुल 0.771 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 19.09.2024 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका लालगढ़ जाटान जिला श्रीगंगानगर राज.

क्रमांक :- 887 — **प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए) लोक सूचना** — दिनांक : 18.9.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि में अपने अभिधृत अधिकारी का निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पिता/ पति का नाम | तहसील व जिले का नाम | राजस्व का नाम | खसरा नं. | वार्ड सं. | क्षेत्र | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री लालचंद शर्मा पुत्र श्री बीरबल राम शर्मा व श्री विकास शर्मा पुत्र श्री श्रवण शर्मा | लालगढ़ जाटान, श्रीगंगानगर | चक 6 एल एल जी पटवार हल्का लालगढ़ बी | चक 6 एल एल जी लालगढ़ बी के प. नं. 17/152 के मु.नं. 01 के किला नं. 23/0.253, 24/0.253 किला नं. 25/1/0.2020 एवं प.नं. 17/153 के मु.नं. 16 के किला नं. 03/0.253, 04/0.253, 05/1/0.2030, 6/4/0.1680 है. में से 0.165 07/2/0.2070, 08/2/0.2070 कुल भूमि 1.996 है. | चक 6 एल एल जी पटवार हल्का लालगढ़ बी | चक 6 एल एल जी पटवार हल्का लालगढ़ बी | कृषि भूमि से आवासीय |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपना आक्षेप दर्ज कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगरपालिका लालगढ़ जाटान


# 'प्रत्येक व्यक्ति अपने घर और घर के आसपास से स्वच्छता की मुहिम शुरू करें'



**बीकानेर महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित और संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

- **स्वच्छता रैली में विभिन्न स्कूली और महाविद्यालयों की छात्राओं ने भागीदारी निभाई**
- **रैली में प्रतिभागियों ने स्वच्छता की शपथ ली**

**बीकानेर,**(कासं)। महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित और संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तीसरे दिन गुरूवार को स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर नगर निगम परिसर से रवाना किया।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से शुरू स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। प्रत्येक नागरिक के छोटे-छोटे प्रयासों से शहरी क्षेत्र को स्वच्छ बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के दौरान पंद्रह दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। इनके माध्यम से भी आमजन में जागरूकता के प्रयास करने होंगे।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि पखवाड़े का आयोजन केन्द्र और राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप किया जाए। इस दौरान प्रत्येक क्षेत्र में जागरूकता गतिविधियां हों। सरकारी कार्यालयों में भी साफ-सफाई की जाए। इनमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर और घर के आसपास से स्वच्छता की इस मुहिम की शुरूआत करें। इस दौरान निगम आयुक्त मयंक मनीष ने पखवाड़े के दौरान होने वाली गतिविधियों के बारे में बताया। रैली में विभिन्न स्कूली और महाविद्यालयों की छात्राओं ने भागीदारी निभाई। रैली नगर निगम से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से गुजरी और कलेक्ट्रेट पहुंची। इस दौरान प्रतिभागियों ने स्वच्छता की शपथ ली।

## खेजड़ी बचाने के लिए धरना

**बीकानेर,** (कासं)। पर्यावरण प्रेमियों द्वारा लगातार संचालित खेजड़ी बचाओ पर्यावरण बचाओ मुहिम को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना लगाया जा रहा है।

धरने पर स्वामी रामेश्वरानंद महाराज ने धरनार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि खेजड़ी के सुरक्षा का मुद्दा मात्रा बिश्नोई समाज का ही नहीं अपितु सभी सनातन धर्मियों की इससे आस्था जुड़ी हुई है। पाश्चात्य कल्चर के बढ़ते प्रभाव से यह बहुपयोगी पेड़ संकट में पड़ गया है। संघर्ष समिति की प्रकृति संरक्षण से जुड़ी इन मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर सरकार को मान लेनी चाहिए। इस दौरान बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट संतनाथ योगी, शिवदान मेघवाल, अंबाराम इणखिया, भंवरलाल कूंकणा, विनोद शर्मा, अलका देवी, फरमान कोहरी एवं मोखराम धारणियां ने अपने विचार रखे। बार एसोसिएशन अधिक अध्यक्ष रघुवीर सिंह, अशोक सारण, हेतराम सिद्ध आदि मौजूद थे।


### राजस्थान आवासन मण्डल
**RAJASTHAN HOUSING BOARD**
(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
( A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970)
वृत-बीकानेर, **Circle-Bikaner**
क्रमांक:-उआआ/आरएचबी/बीका/2024-25/582 — दिनांक :- 19/9/2024

**आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल में श्री श्रवण पुत्र श्री कालूराम को आवासीय भूखण्ड आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को वाद संख्यया7(210)/9/04 आवासीय भूखण्ड सं.1-बी-279 शिवबाड़ी आवासीय योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 218.16वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 1201 दिनांक 22.02.2023 को जारी किया गया था। उक्त आवासीय भूखण्ड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 17.08.2023 से पंजीकृत हैं। तत्पश्चात मूल आवंटी श्री श्रवण पुत्र श्री कालूराम ने उक्त आवासीय भूखण्ड का बैचान विक्रय विलेख पत्र के माध्यम से श्रीमति निशा यादव पत्नि श्री रूपाक्ष यादव को किया गया। उक्त विक्रय विलेख उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 22.03.2024 से पंजीकृत हैं।

श्रीमति निशा यादव पत्नि श्री रूपाक्ष यादव ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्रीमति निशा यादव पत्नि श्री रूपाक्ष यादव का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/ हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमति निशा यादव पत्नि श्री रूपाक्ष यादव का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

सहायक आवासन अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त बीकानेर

# संभागीय आयुक्त ने बीकानेर शहरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

**बीकानेर,**(कासं)। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने गुरूवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ शहरी क्षेत्र का दौरा किया और शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

संभागीय आयुक्त ने सार्दुलगंज, जयपुर रोड और जयनारायण व्यास कॉलोनी क्षेत्र में स्वच्छता, सड़कों की स्थिति और अतिक्रमण सहित विभिन्न व्यवस्थाएं देखी। सड़कों के किनारे बेतरतीब पड़े ठेलों को सुव्यवस्थित करने, बंद ठेलों को हटवाने और इन कॉलोनियों की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और साफ-सुथरा रखने के लिए नगर निगम द्वारा सफाई कर्मियों की अतिरिक्त टीमें गठित करते हुए इन क्षेत्रों में नाइट स्वीपिंग चालू करवाई जाए।



संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने शहरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया।

सिंघवी ने शहरी क्षेत्र के ठेलों, डेयरियों और अन्य स्टॉल्स के आसपास ठोस और तरल कचरा संग्रहण के लिए अलग-अलग डस्टबिन अनिवार्य रूप से लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी दुकानदार अथवा ठेले वाला सड़क पर कचरा नहीं डाले। उनकी स्टॉल निर्धारित सीमा में ही हो और छपरे आदि लगाकर मार्ग पर अतिक्रमण नहीं करें। उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार करने तथा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निगम के वरिष्ठ अधिकारी इनका क्रॉस वेरिफिकेशन करें। आमजन को कचरा संग्रहण वाहन में कचरा डालने के लिए प्रेरित किया जाए।

संभागीय आयुक्त ने सार्दुलगंज क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था को सुगम बनाने, अनावश्यक झाड़ियां और अतिक्रमण हटाने, सड़कों पर वाहन बेतरतीब तरीके से नहीं रखने और ऐसा होने पर इन्हें जब्त करने सहित कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वार्डों की सफाई व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सड़कों के दुरूस्तीकरण के कार्य प्राथमिकता से हो। इसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। संभागीय आयुक्त ने जयपुर रोड पर सफाई कर रहे कर्मचारियों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि शहर को साफ-सुथरा और स्वच्छ बनाए रखने में सफाई कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इन कर्मचारियों की हौसला अफजाई करते हुए स्वयं सफाई की।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक सजगता के साथ शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में भागीदारी निभाए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, उपायुक्त यशपाल आहूजा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता पंकज यादव सहित अन्य अधिकारी साथ रहे।

- **शहरी क्षेत्र के ठेलों, डेयरियों और अन्य स्टॉल्स के आसपास ठोस और तरल कचरा संग्रहण के लिए अलग-अलग डस्टबिन अनिवार्य रूप से लगवाने के निर्देश दिए**

रीको के अधीन आने वाले औद्योगिक क्षेत्रों रानी बाजार, करणी, बीछवाल, आईजीसी, खारा और रीको द्वारा विकसित समस्त आवासीय कॉलोनियों में नगर निगम द्वारा एक बार सघन सफाई करवाई जायेगी। इस साफ-सफाई के लिए रीको द्वारा 77 लाख 42 हजार रूपए की स्वीकृति दी गई है। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने गुरुवार को जिला उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा तथा रीको के उप महाप्रबंधक एस. के. गर्ग की उपस्थिति में 38 लाख 70 हजार 900 रुपए का यह चैक नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष को सौंपा।


## गलत टिप्पणी से मुस्लिम समाज में रोष

**हनुमानगढ़,**(कासं)। सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक पर गलत टिप्पणी लिखकर पोस्ट कर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाते हुए मुस्लिम समाज के लोगों ने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायत की। उन्होंने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

सद्दाम हुसैन पुत्र खुशी मोहम्मद निवासी रोड़ांवाली ने बताया कि उसी के गांव का सुभाष खीचड़ पुत्र ताराचन्द जाट सोशल मीडिया फेसबुक पर सुभाष खीचड़ रोड़ांवाली के नाम से आईडी चलाता है। सद्दाम हुसैन ने आरोप लगाया कि सुभाष खीचड़ सोशल मीडिया पर मुस्लिम धर्म के खिलाफ भड़काऊ व अपशब्द लिखकर पोस्ट करता है। वह हिन्दू एवं मुस्लिम धर्म में साम्प्रदायिक सौहार्द खत्म करना चाहता है। सुभाष खीचड़ ने 2019 में भी ? पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल की थी। तब उसके खिलाफ जंक्शन पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बावजूद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा।सुभाष खीचड़ ने फेसबुक सोशल मीडिया पर गलत टिप्पणी लिखकर पोस्ट की। इससे मुस्लिम धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंची है एवं आहत हुई है। सद्दाम हुसैन के अनुसार सुभाष खीचड़ की ओर से किए जा रहे कृत्य से हिन्दू एवं मुस्लिम समाज में आपसी मेलजोल को ठेस पहुंच रही है।

## सार-समाचार

### एन.सी.सी. का प्रशिक्षण शिविर शुरू




एन.सी.सी. के दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को लेफ्टिनेंट कर्नल मनदीप सिंह निज्जर ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। 7 वीं॰राजस्थान बटालियन एनसीसी बीकानेर के तत्वावधान में दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 18 से 27 सितम्बर तक विवेक टैक्नो स्कूल रायसर, बीकानेर में आयोजित किया जा रहा है। इस कैम्प में बीकानेर संभाग के लगभग 550 एनसीसी कैडेट व 10 एनसीसी अधिकारी भाग ले रहे है। कैम्प के प्रथम दिवस एनसीसी कैडेटों के कैम्प संबंधित दस्तावेज जांच कर और बॉयोमीट्रिक कर कैम्प हेतु प्रवेश दिया गया। शिविर के दूसरे दिवस का प्रारंभ कैम्प औपचारिक शुभारंभ से हुआ। शुभारंभ करते हुए कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मनदीप सिंह निज्जर ने सभी कैडेट्स का स्वागत करते हुए कहा कि इस दस दिवसीय शिविर के दौरान सभी कैडेट्स को आर्मी से संबंधित गतिविधियों से प्रशिक्षित किया जायेगा। कैडेटों को एनसीसी के आदर्श, एकता और अनुशासन को अपने व्यवहारिक जीवन में अपनाने को प्रोत्साहित किया। कैडेट्स को राष्ट्र के आदर्श नागरिक बनने के लिये प्रेरित किया। प्रशिक्षण शिविर के दैरान कैडेट्स को ड्रिल हथियारों का प्रशिक्षण, मैप रिडिंग व प्रेक्टिस के अलावा समाज उत्थान में कैडेट्स की भागीदारी के बारे में प्रशिक्षण व जानकारी दी जायेगी। इस प्रशिक्षण शिविर के दोरान खेलकूद गतिविधियों जैसे की बॉलीबाल, खो-खो, रस्सा कस्सी, एथलेटिक्स, पेटिंग, व्याख्यान एवं संस्कृतिक कार्यक्रम आदि की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस कैम्प के दौरान तकनीकी विश्वविद्यालय बीकानेर के एएनओ मेजर नरपत सिंह शेखावत, डिप्टी कैम्प कमांडेंट व एम.एल.बी राजकीय महाविद्यालय नोखा के एएनओ कैप्टन रणवीर सिंह, कैम्प एडजूटेंट कार्य सम्पादित कर रहे है। बी.जे.एस. रामपुरिया जैन महाविद्यालय बीकानेर के एएनओ लेफ्टिनेंट उमेश कुमार तंवर, मीडिया प्रभारी व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी का कार्य सम्पादित कर रहे है।

### छात्राओं ने स्वच्छता रैली निकाली



गंगानगर में रा. उ. मा. बालिका मटका चौक स्कूल की छात्राओं स्वच्छता रैली निकाली।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित स्वच्छता रैला में नगर परिषद की सभापति, आयुक्त, परिषद कर्मचारियों, राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका मटका चौक व गुरुनानक गर्ल्स सीनियर सैकण्डरी स्कूल की छात्राओं ने भाग लिया। नगर परिषद श्रीगंगानगर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत गुरूवार को प्रात: 8 बजे स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। रैली को नगर परिषद की सभापति श्रीमती गगनदीप कौर (पांडे) व आयुक्त रीना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के मुख्य मार्गों महाराजा गंगासिंह चौक, भगतसिंह चौक, रविन्द्र पथ, गोलबाजार, रेलवे स्टेशन से होते हुए नगर परिषद पंहुची तथा यहां आकर रैली समाप्त हुई। कार्यक्रम प्रभारी सहायक अभियंता अमनदीप कौर व सहप्रभारी सुमित माथुर ने बताया कि समस्त शाखाओं के प्रभारी व अधिशाषी अभियंता महावीर गोदारा, बाबूलाल मीणा, अरविंद चौहान, अमित जाखड़, देवेंद्र प्रताप राठौड़, प्रेम चुघ, राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका मटका चौक व गुरुनानक गर्ल्स सीनियर सैकण्डरी स्कूल द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लिया गया।

### नाइट बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता

**नोखा,** (कासं)। माहेश्वरी समाज की जिला स्तरीय नाइट बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता के 7 लीग मैच रात्रि को खेले गए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जयपुर माहेश्वरी समाज अध्यक्ष पवन बजाज उपस्थित हुए व समाज के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा उनको माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। माहेश्वरी युवा संगठन नोखा के अध्यक्ष केशव करवा ने बताया कि पहले मुकाबले में बीकानेर स्ट्राइकर्स ने श्री श्याम वरियर्स को 56 रन से हराया। दूसरे मुकाबले में श्री श्याम रॉयल्स में माहेश्वरी पिच बर्नर को 6 विकेट से हराया। तीसरे मुकाबले में माहेश्वरी चैलेंजर्स ने थंडरकलेप्स को 7 रन से हराया। चौथे मुकाबले में माहेश्वरी यूनिटी क्लब ने गुड नाइट स्पोर्ट्स को 27 रन से हराया। पांचवें मुकाबले में खाखी बाबा स्पोर्ट्स ने झंवर ब्रदर्स को 14 रन से हराया। 6वें मुकाबले में माहेश्वरी युवा रेंजर्स ने कुबेर रॉयल्स को 7 विकेट से हराया। अंतिम मुकाबले में नोखा फाइटर ने कामधेनु स्पोर्ट्स को 5 विकेट से हराया।

# खरीफ फसलों की एम.एस.पी. पर खरीद की मांग, धरना-प्रदर्शन

**हनुमानगढ़,** (कासं)। मूंग, धान, बाजरा, मूंगफली सहित खरीफ की अन्य फसलों की एमएसपी पर खरीद शुरू करने की मुख्य मांग को लेकर किसानों ने गुरूवार को संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले कलेक्ट्रेट के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया।

इस दौरान गांव भांभूवाली ढाणी निवासी एक किसान मूंग से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर धरनास्थल पर पहुंचा। उसने कलेक्ट्रेट गेट के सामने ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर दी। धरनास्थल पर हुई सभा में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रेशमसिंह मानुका ने बताया कि किसान मूंग, धान, बाजरा, मूंगफली सहित खरीफ की अन्य ऐसी फसलें जिनकी एमएसपी घोषित की गई है। उनकी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की मांग कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री भी हर मंच के माध्यम से बोल रहे हैं कि केन्द्र सरकार ने खरीफ की फसलों की एमएसपी बढ़ाई है, लेकिन आज किसान रो रहा है। मूंग की प्रति क्विंटल एमएसपी 8682 रूपए तय है। जबकि 6000 रूपए के करीब खरीद हो रही है। यानि किसान को प्रति क्विंटल पर 1500 रूपए से लेकर 2000 रूपए तक का घाटा झेलना पड़ रहा है।

- **किसान जब अपनी फसल धानमंडी में लेकर पहुंच रहा है तो उसकी फसलों का दाम एमएसपी से कम लगाया जा रहा है**

यूनियन के प्रदेश सचिव बलविन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों ने इस उम्मीद के साथ मूंग सहित अन्य जिंसों की बिजाई की कि वह फसल को एमएसपी पर बेचकर अपनी आजीविका चलायेगा। लेकिन किसान जब अपनी फसल धानमंडी में लेकर पहुंच रहा है तो उसकी फसलों का दाम एमएसपी से कम लगाया जा रहा है। इससे किसानों की उम्मीदें टूट रही हैं। सरकार किसी भी तरह से अपने वादे पर खरी नहीं उतर रही। हनुमानगढ़ के बाजार में धान पीआर की व्यापारियों की ओर से 1900-2000 रूपए में खरीद की जा रही है। किसान को प्रति बीघा औसतन करीब 10 से 12 हजार रूपए का घाटा लग रहा है। नरमा की खरीद को लेकर भी कोई व्यवस्था नहीं की गई। न ही फैक्ट्रियों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि बाजरा की एमएसपी पर खरीद का सरकार का चुनावी वादा था लेकिन अभी तक बाजरा का एक भी खरीद केन्द्र निर्धारित नहीं किया गया है। धरना-प्रदर्शन के बाद किसान प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर धान, मूंग, बाजरा की एमएसपी पर खरीद जल्द शुरू करने, नरमा की खरीद बिना किसी शर्त के 1 अक्टूबर से शुरू करने, मूंगफली के खरीद केन्द्र सभी मंडियों में खोलकर जल्द से जल्द खरीद शुरू करने, किसानों को समय पर डीएपी व यूरिया उपलब्ध करवाने, अन्य उत्पाद साथ लेने की शर्त को हटाने, मसीतांवाली हैड पर किसानों के साथ हुए समझौते की पालना करने एवं टिब्बी में एथनोल फैक्ट्री का विरोध कर रहे किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की गई।

## बाइक सवार ट्रेन से टकराया

**बीकानेर,** (कासं)। बंद हो चुके रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से निकलना एक बाइक सवार के लिए परेशानी का सबब बन गया। ये बाइक सवार ट्रेन की चपेट में आ गया। स्वयं बाइक सवार को तो ज्यादा चोट नहीं आई लेकिन उसकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

जानकारी के अनुसार शाम करीब पांच बजे एक युवक अपनी बाइक से जा रहा था। बाबूलाल रेलवे क्रॉसिंग पर अब पुल बन चुका है। ऐसे में ट्राफिक को ओवरब्रिज के ऊपर से ही जाना होता है। रेलवे क्रॉसिंग पूरी तरह बंद है। इसके बाद भी ये युवक रेल पटरियों को पार करके आगे की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक ट्रेन आई, जिसके इंजन से युवक की बाइक टकरा गई। युवक के सामान्य चोट आई लेकिन बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। युवक अपनी बाइक वहां छोड़कर फरार हो गया।

उसके खिलाफ जीआरपी पुलिस थाने में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। युवक की फिलहाल पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस अब बाइक के आधार पर युवक का पता लगा रही है कि वो कौन है। बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग ओवरब्रिज पर भी खड़े हो गए।

## 475 किमी. सड़कें लाइबिलिटी वाली

**बीकानेर,** (कासं)। सड़कों की दुर्दशा की खबर सरकार तक पहुंच गई है। यही वजह है कि अब सरकार ने भी इसमें हस्तक्षेप करना शुरू कर दिया। हाल ही में पीडब्लयूडी से डिफेक्ट लाइबिलिटी (वारंटी पीरिएड) के अंतर्गत आने वाली सड़कों की पूरी रिपोर्ट 20 सितम्बर तक मांगी है। ऐसा इसलिए क्योंकि इन सड़कों पर सरकार को कोई पैसा नहीं खर्च करना है।

दरअसल शहर में जो भी सड़कों की दुर्दशा है। उसमें करीब 475 किलोमीटर सड़कें तो ऐसी हैं जो लाइबिलिटी पीरियड में हैं। यानी बीते तीन सालों में जो सड़कें बनी हैं। उनकी तीन साल तक देखरेख और टूटफूट संबंधित ठेकेदार को कराना होता है। इस साल शहर की सड़कों का मुद्दा विधानसभा तक पहुंचा है। इसलिए अधिकारी भी सतर्क हैं। अब उन सड़कों के हालात पूछे जाने लगे जो लाइबिलिटी पीरियड में तो हैं लेकिन उनको अब तक ठीक कराना शुरू नहीं किया गया है। संभागीय आयुक्त ने भी नगर निगम, पीडब्लयूडी, नगर विकास न्यास और रीको के अधिकारियों को मीटिंग बुलाकर कहा कि लाइबिलिटी की सड़कों को तुरंत ठीक कराया जाय।

- **सरकार ने 20 सितम्बर तक डिफेक्ट लाइबिलिटी वाली सड़कों की रिपोर्ट मांगी**
- **बीकानेर में 475 किलोमीटर सड़कें तो ऐसी हैं जो लाइबिलिटी पीरियड में है**

पीडब्लयूडी के मुताबिक उसके पास शहर में अभी 896.78 किमी सड़कें हैं। इसमें से डीएलपी की 475.09 किमी हैं। गैर डीएलपी 421.69 किमी हैं। 303.23 सड़कें पैचवर्क लायक हैं। शेष नई बनाने लायक। पीडब्लयूडी के अधीक्षण अभियंता पंकज यादव ने बताया कि रिपोर्ट मांगी गई है।

## सड़क हादसे में मृतक के परिजनों ने लगाया धरना

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के पदमपुर के गांव 26 बीबी के पास हुए सड़क हादसे में मृतक के परिजनों ने गुरूवार को पदमपुर के सरकारी अस्पताल के सामने धरना लगा दिया था। इन लोगों का कहना था कि हादसे में बाइक को टक्कर मारने वाले कार चालक की गिरफ्तारी होनी चाहिए।

इन लोगों ने कहा कि जब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो जाती वे शव नहीं उठायेंगे। पूरा दिन पुलिस प्रशासन के अधिकारी परिजनों से वार्ता करते रहे लेकिन परिजन नहीं माने।

दोपहर में पदमपुर एसएचओ सुरेंद्र राणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से बात की लेकिन परिजन आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। पदमपुर से गजिसंहपुर रोड पर गांव 26 बीबी के पास एक कार चालक ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार युवक गांव 26 बीबी के मनोज पुत्र सतपाल की मौके पर ही मौत हो गई। मनोज के साथ मोटरसाइकिल पर एक नाबालिग भी थी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

- **-शव लेने से किया इनकार, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग**

## नोखा में होगी योग प्रतियोगिता

**नोखा,** (कासं)। शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार द्वारा 68 वीं राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन नोखा की राठी राउमावि में 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक करवाया जायेगा।

प्रतियोगिता में राज्यभर से 1500 छात्र-छात्राएं शामिल होंगी। 17 व 19 वर्ष छात्र-छात्रा के रूप में यह प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता की पूर्व तैयारी बैठक मंगलवार को राठी स्कूल में हुई। बैठक में स्कूल के कार्मिक, समाजसेवी, भामाशाह आदि शामिल हुए। सभी ने तैयारी में सहयोग देने की बात कही। प्रधानाचार्य जयदेव बीठू ने बताया कि नोखा में पहली बार होने वाली इस प्रतियोगिता में लगभग 50 टीम में भाग लेंगी।

# रसद विभाग ने तीन जगह छापे मारे, 7 सिलेंडर व पेट्रोल जब्त

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। घरेलू गैस सिलेंडर से अवैध रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने बड़ी कार्रवाई की।

जिला रसद अधिकारी कविता सिहाग का कहना है कि हाल ही खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस पर विभाग की टीम ने शहर में तीन जगहों पर छापे मारे। जहां से प्रवर्तन अधिकारी सुरेश कुमार ने सिलेंडर ही नहीं बल्कि अवैध तौर पर रखे हुए पेट्रोल को भी जब्त किया है। विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने इस संबंध में 13 सितम्बर को प्रदेश के समस्त कलेक्टर्स को निर्देश जारी किए थे।

- **घरेलू गैस सिलेंडर से अवैध रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ छापे मारकर की कार्रवाई**

विकासपुरी पत्रकारी कॉलोनी के पास रहने वाले गुरसेवक सिंह के पास से बीपीसीएल के 7 घरेलू सिलेंडर, 42.08 किलोग्राम गैस मय 1 मोटर मय रिफलिंग पाइप। फर्म श्री बालाजी मिष्ठान भंडार के मालिक राकेश उर्फ बंटी के पास से बीपीसीएल कंपनी के 1 व आईओसीएल कंपनी के 1 घरेलू सिलेंडर जब्त किया।

श्याम वर्क्स शॉप गली नंबर 12 सुरजीत सिंह कॉलोनी स्थित दुकान पर अमित कुमान निवासी फरसेवाला पदमपुर हाल निवासी गली नंबर 3 सेतिया फार्म के पास से 18 लीटर पेट्रोल मय 11 प्लास्टिक बोतल, 2 प्लास्टिक कीप, 1 प्लास्टिक गैलन व 2 प्लास्टिक कैरेट जब्त किए गए हैं।

# कोहला में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए एसडीएम को जाब्ता के निर्देश

**हनुमानगढ़,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा अनुरूप जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए ग्राम पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तर पर जनसुनवाई कर रहा है। इसी के तहत गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर कानाराम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई की।



हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने 'स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम' के अंतर्गत अधिकारियों को सफाई की शपथ दिलाई।

उन्होंने प्रत्येक परिवाद को ध्यानपूर्वक सुनकर राहत प्रदान कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने पीलीबंगा में आबादी भूमि के नजदीक ईंट भट्टों के पूर्व परिवाद पर तहसीलदार को 1500 मीटर से कम दूरी होने पर रूपांतरण खारिज करने सहित नियमानुसार कार्यवाही कराने के निर्देश दिए। नोहर में नगर पालिका द्वारा पट्टा जारी नहीं करने, सड़कों के टूटने से पानी भराव से संबंधित ज्ञापन दिए गए। डबलीबास चुगता में रास्ते पर अतिक्रमण कर गंदगी फैलाने, कोहला में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने से संबंधित परिवाद पर एसडीएम को जाब्ता भेजने के निर्देश दिए।

बोलावाली में सड़क पर अतिक्रमण, पानी की चोरी रोकने, नगराना पटवार घर को कब्जा मुक्त करवाने के परिवाद आए। साथ ही महात्मा गांधी नरेगा और खेत मजदूरों की मांग को लेकर भी परिवादियों ने ज्ञापन सौंपा। जिला कलेक्टर ने बताया कि जनसुनवाई में परिवादियों ने खालों के निर्माण, विद्युत लाइन को स्थानांतरित करने, एनएसएसए में नाम जुड़वाने, पानी की चोरी पर कार्यवाही करने, मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता राशि स्वीकृत करवाने से संबंधित परिवाद दिए। जिला कलेक्टर ने राजस्थान संपर्क पोर्टल सहित पूर्व में आयोजित रात्रि चौपाल व जनसुनवाई के परिवादों की भी समीक्षा की।

- **रात्रि चौपाल व जनसुनवाई के परिवादों की भी समीक्षा की**

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छता के लिए शपथ दिलाई। जनसुनवाई में वी.सी से मुख्य सचिव तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी जुड़े। सभागार में एडीएम उम्मेदी लाल मीना, एडिशनल एसपी प्यारेलाल मीणा, एसडीएम मांगीलाल, नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र यादव सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों के लिए रोल प्ले और लोक नृत्य प्रतियोगिता

**बीकानेर,**(कासं)। पीएमश्री राजकीय सादुल उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरूवार को जिले की स्कूलों के कक्षा 8 व 9 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए रोल प्ले और लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



पीएम श्री राजकीय सादुल उच्च माध्यमिक विद्यालय में रोल प्ले और लोक नृत्य प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य मनोज टाक ने कहा कि आज के युग में विद्यार्थी, शिक्षण के साथ सह-शैक्षिक गतिविधियों में हिस्सा लेकर अपना सर्वांगीण विकास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोल प्ले और लोकनृत्य जैसी प्रतियोगिता में भागीदारी से विद्यार्थी और अधिक सक्षम हो सकते हैं। प्रतियोगिता प्रभारी हिमानी शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में जिले की 16 स्कूलों के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहने वाले विद्यालयों के विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम संयोजक सुभाष जोशी ने बताया कि रोल प्ले प्रतियोगिता में गंगा बाल उच्च माध्यमिक विद्यालय की टीम ने प्रथम, महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुरलीधर व्यास कॉलोनी की टीम ने द्वितीय तथा श्रीमती गीता देवी बागड़ी विद्यालय, नापासर की टीम ने तृतीय स्थान हांसिल किया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटड़ी ने प्रथम, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कोलायत ने द्वितीय और गीता देवी बागडी विद्यालय नापासर तृतीय स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाली टीम के सभी प्रतिभागियों को नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डाइट बीकानेर की उप प्रचार्य शारदा ढाका, दक्षिण प्रधानाचार्य मीना खत्री, उर्वशी बत्रा, कला विशेषज्ञ राजभारती शर्मा और भंवरलाल प्रजापत ने बच्चों को कला से संबंधित विषय की जानकारी प्रदान की।

